छत्तीसगढ़ नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउन्सिल

पुराना नर्सेस हास्टल, संचालनालय चिकित्सा शिक्षा
रायपुर, छत्तीसगढ़
फोन नं. 0771–2227600, ईमेल - snrc.cg@gmail.com, वेबसाइट – www.cgnrc.org

क्रमांक /रजि0 नर्सिंग कां0/2023/2728 रायपुर दिनांक 08/08/2023

प्रति,

01. समस्त प्राचार्य,
शासकीय एवं निजी नर्सिंग महाविद्यालय,
छत्तीसगढ़

01. समस्त प्राचार्य,
शासकीय एवं निजी जी0एन0एम0 प्रशिक्षण केन्द्र,
छत्तीसगढ़

विषयः– पंजीयन फार्म जमा करने बाबत् ।

––––

समस्त शासकीय एवं निजी नर्सिंग महाविद्यालयों को सूचित किया जाता है कि, प्रशिक्षणार्थियों को पंजीयन हेतु समस्त आवेदन अपनी संस्था के माध्यम से कवरिंग लेटर के साथ जमा करने की व्यवस्था करें ।

एम0एस0सी0 नर्सिंग/ बी0एस0सी0 नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बी0एस0सी0 पंजीयन प्रमाण पत्र हेतु आवश्यक दस्तावेजों की सूची :– (समस्त दस्तावेजों की छायाप्रतियॉ प्राचार्य द्वारा आवश्यक रूप से सत्यापित होना चाहिए)

(1) एम0एस0सी0 नर्सिंग / बी0एस0सी0 नर्सिंग / पोस्ट बेसिक बी0एस0सी0 नर्सिंग के पंजीयन हेतु नर्सिंग के समस्त वर्षो के मार्कशीट की छायाप्रति प्राचार्य द्वारा सत्यापित ।

(2) 04 पासपोर्ट साईज फोटो (02 फोटो प्राचार्य द्वारा सत्यापित एवं 02 फोटो प्लेन) ।

(3) 10वीं, 12वीं मार्कशीट की छायाप्रति प्राचार्य द्वारा सत्यापित ।

(4) कॉलेज द्वारा कोर्स कम्प्लीशन सर्टिफिकेट व प्रोविजनल सर्टिफिकेट, आधार कार्ड की छायाप्रति ऑनलाईन पेमेन्ट रिसीव की छायाप्रति ।

(5) जाति एवं निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति ।

क्रमश.......

जी0एन0एम0 नर्सिंग पंजीयन प्रमाण पत्र हेतु आवश्यक दस्तावेजों की सूची :– (समस्त दस्तावेजों की छायाप्रतियॉ प्राचार्य द्वारा आवश्यक रूप से सत्यापित होना चाहिए)

(1) जी0एन0एम0 नर्सिंग के समस्त वर्षो की मार्कशीट की छायाप्रति । उक्त कोर्स के अंतिम वर्ष की मार्कशीट नही होने की दशा में उक्त कोर्स के अंतिम वर्ष का टेबुलेशन सीट प्राचार्य द्वारा प्रमाणित मान्य किया जावेगा ।

कारण :–

जी0एन0एम0 नर्सिंग का परीक्षा केन्द्र छ0ग0 नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउन्सिल होने के कारण उक्त कोर्स के अंतिम वर्ष के टेबुलेशन छ0ग0 नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउन्सिल द्वारा आसानी से सत्यापन किया जा सकता है।

(2) 04 पासपोर्ट साईज फोटो (02 फोटो प्राचार्य द्वारा सत्यापित एवं 02 फोटो प्लेन) ।

(3) 10वीं, 12वीं मार्कशीट की छायाप्रति प्राचार्य द्वारा सत्यापित होना चाहिए ।

(4) कॉलेज द्वारा कोर्स कम्प्लीशन सर्टिफिकेट, आधार कार्ड की छायाप्रति, ऑनलाईन पेमेन्ट रिसीव की छायाप्रति ।

(5) जाति एवं निवास प्रमाण पत्र की फोटोकॉपी ।

नोट :–

(1) एम0एस0सी0 नर्सिंग/बी0एस0सी0 नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बी0एस0सी0 नर्सिंग के अंतिम वर्ष के टेबुलेशन मान्य नही किया जावेगा । (उपरोक्त कोर्सो के अंतिम वर्ष के मार्कशीट नही होने की दशा में उपरोक्त कोर्सो के अंतिम वर्ष का टेबुलेशन सीट की छायाप्रति प्राचार्य द्वारा सत्यापित अमान्य किया जावेगा ।

कारण :–

01. यह कि, उपरोक्त कोर्सो का परीक्षा केन्द्र पं0दीनदयाल उपा0 स्मृति स्वा0 विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय, रायपुर, छत्तीसगढ़ होने के कारण छ0ग0 नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउन्सिल द्वारा उपरोक्त कोर्सो का सत्यापन नही किया जा सकता है ।

02. यह कि, उपरोक्त कोर्सो के अंतिम वर्ष का टेबुलेशन होने के फलस्वरूप उपरोक्त कोर्सो का परीक्षा परिणाम बदलने की संभावना बनी हैं, जिसका सत्यापन छ0ग0 नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउन्सिल द्वारा भी नही किया जा सकता हैं ।

(2) वर्तमान में जिन कॉलेजों के प्रशिक्षणार्थियों का एम0एस0सी0 नर्सिंग/बी0एस0सी0 नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बी0एस0सी0 नर्सिंग के अंतिम वर्ष का मार्कशीट के टेबुलेशन के साथ जमा किया गया है । अतएव अपूर्ण दस्तावेज होने के कारण प्रशिक्षणार्थियों का उपरोक्त कोर्सो के पंजीयन की कार्यवाही को रोक दिया जायेगा ।

18/1/

रजिस्ट्रार
छ.ग. नर्सेस रजि. काउन्सिल
रायपुर, छ.ग.